"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी.2-22-छत्तीसगढ़ गजट / 38 सि. से. भिलाई. दिनांक 30-05-2001."

पंजीयन क्रमांक
"छत्तीसगढ़/दुर्ग/09/2013-2015."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

(असाधारण)
प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 266] रायपुर, शनिवार, दिनांक 6 जून 2020 — ज्येष्ठ 16, शक 1942

पर्यटन विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर

इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, केटरिंग टेक्नालॉजी एण्ड एप्लाईड न्यूट्रीशन, रायपुर, छत्तीसगढ़

अटल नगर, दिनांक 2 जून 2020

भर्ती एवं पदोन्नति नियम 2020

क्रमांक एफ 1–31/2016/33/पर्य..— इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, केटरिंग टेक्नालॉजी एण्ड एप्लाईड न्यूट्रीशन, (रायपुर) सोसायटी के बोर्ड ऑफ गवर्नर इसके संगम ज्ञापन (Memorandum of Association) और नियम एवं विनियमों के तहत् इनमें निहित समग्र शक्तियों का उपयोग करते हुए एतद्द्वारा संस्थान (Institute) की सेवा में विभिन्न नियुक्तियों के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं :

1. संक्षिप्त नाम एवं प्रारंभ :

1.1 इन नियमों को इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, केटरिंग टेक्नालॉजी एण्ड एप्लाईड न्यूट्रीशन, रायपुर भर्ती एवं पदोन्नति नियम 2020 कहा जाएगा।

1.2 यह नियम राजपत्र में अधिसूचना जारी होने के दिनांक से लागू होंगे।

2. विस्तार :

इन नियमों में विभिन्न शब्दों एवं अभिव्यक्तियों का वही अर्थ होगा जो कि संस्थान के संगम ज्ञापन, नियम और विनियमों और उप–नियमों और समय–समय पर संस्थान के कर्मियों पर लागू अन्य नियमों में उनको प्रदान किया गया है।

3. लागू होना :

ये नियम सभी पूर्णकालिक नियमित कर्मियों और संस्थान के किसी भी पद पर नियुक्त या पदोन्नत सभी व्यक्तियों की भर्ती और पदोन्नति पर लागू होंगे।

4. पदों का वर्गीकरण :

स.क्रं.	पदों का विवरण	पदों का वर्गीकरण
1	निम्नलिखित ग्रेड वेतन वाले पद : ग्रेड पे रूपये 8700, वेतनमान रूपये 37400–67000 वेतन बैंड–4	समूह "क"

	रूपये 7600, रू. 6600 एवं रूपये 5400 वेतनमान रूपये 15600–39100 वेतन बैंड–3 में	
2	निम्नलिखित ग्रेड वेतन वाले पद : रूपये 4800, रूपये 4600, रूपये 4400, रूपये 4300 एवं रूपये 4200 वेतनमान रूपये 9300–34800 पे बैंड–2	समूह "ख"
3	निम्नलिखित ग्रेड वेतन वाले पद : रूपये 2800, रू. 2400, रूपये 2000, रू. 1900 एवं रूपये 1800 वेतनमान रूपये 5200–20200 वेतन बैंड–1	समूह "ग"
4	निम्नलिखित ग्रेड वेतन वाले पद : रूपये 1300, रूपये 1400, रूपये 1600 एवं रूपये 1650 वेतनमान रूपये 4440–7440 पर 1 एस स्केल	समूह "घ"

टीप – वेतन का वही अर्थ होगा जो छत्तीसगढ़ राज्य सरकार के सेवक के लिए लागू मूलभूत नियमों में परिभाषित किया गया है।

5. रिक्तियों को भरना :

5.1 पदों की प्रत्येक श्रेणी के लिए अनुसूची में निर्धारित अनुसार निम्न एक या अधिक पद्धति द्वारा रिक्तियों को भरा जाएगा :–

(5.1.1) सीधी भर्ती (देखे नियम–13)

(5.1.2) चयन सह वरिष्ठता/मैरिट द्वारा चयन से पदोन्नति (देखे नियम–14)

(5.1.3) गैर चयन विधि के आधार पर पदोन्नति (देखे नियम–14)

(5.1.4) केंद्र सरकार, राज्य सरकार, अर्द्ध–सरकारी संगठनों या सार्वजनिक क्षेत्र और अन्य उपक्रमों से व्यक्ति की प्रतिनियुक्ति (देखे नियम–15)

5.2 ऐसे पदों की रिक्तियॉ जिसे सामान्यतः पदोन्नति द्वारा भरा जाना अपेक्षित है, को संस्थान में कार्यरत कर्मचारियों के पदोन्नति हेतु अनुपयुक्त पाये जाने की स्थिति में उक्त पदों को स्थानांतरण पर प्रतिनियुक्ति से भरा जा सकेगा जब पदोन्नति के उपयुक्त अथवा पात्र कर्मचारी के उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में सीधी भर्ती से भरा जा सकेगा।

6. चयन समिति

6.1 पदों पर नियुक्तियां करते समय नियुक्ति प्राधिकारी अनुसूची–दो में यथा निर्धारित अनुसार होंगे। निम्नानुसार कर्मचारी चयन समिति द्वारा नियुक्ति प्राधिकारी को सहायता प्रदान की जावेगी :–

(क) प्राचार्य के पद के लिए कर्मचारी चयन समिति निम्नानुसार होगी :–

स.क्रं.	पद का नाम/सदस्यों का विवरण	समिति में पदनाम
(1)	(2)	(3)
1.	अध्यक्ष, बोर्ड ऑफ गवर्नर्स अथवा उनके द्वारा नामांकित व्यक्ति	अध्यक्ष
2.	सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, वित्त विभाग अथवा उनके द्वारा नामांकित व्यक्ति जो छत्तीसगढ़ शासन में उप सचिव पद के स्तर से कम का न हो	सदस्य
3.	अपर महानिदेशक (पर्यटन), भारत सरकार अथवा उनके द्वारा नामांकित व्यक्ति	सदस्य
4.	निदेशक, राष्ट्रीय होटल प्रबंध एवं केटरिंग तकनालॉजी परिषद अथवा उनके द्वारा नामांकित व्यक्ति	सदस्य
5.	अध्यक्ष, बोर्ड ऑफ गवर्नर्स द्वारा बोर्ड ऑफ गवर्नर्स में से होटल उद्योग के प्रतिनिधियों से नामित व्यक्ति	सदस्य
6.	बोर्ड ऑफ गवर्नर्स में केटरिंग विशेषज्ञ	सदस्य
7.	सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, पर्यटन विभाग द्वारा नामित आरक्षित श्रेणी का एक अधिकारी जो छत्तीसगढ़ शासन में उप सचिव पद से कम का न हो	सदस्य
8.	प्रबंध संचालक, छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड,	सदस्य सचिव

(ख) समूह 'क' (प्राचार्य के पद को छोड़कर), समूह 'ख' के शैक्षणिक पद के लिए कर्मचारी चयन समिति निम्नानुसार होगी :–

स.क्रं.	पद का नाम/सदस्यों का विवरण	समिति में पदनाम
(1)	(2)	(3)
1.	अध्यक्ष, बोर्ड ऑफ गवर्नर्स अथवा उनके द्वारा नामांकित व्यक्ति	अध्यक्ष
2.	अपर महानिदेशक (पर्यटन), भारत सरकार अथवा उनके द्वारा नामांकित व्यक्ति	सदस्य
3.	प्रबंध संचालक, छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड,	सदस्य
4.	सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, वित्त विभाग अथवा उनके द्वारा नामांकित व्यक्ति जो छत्तीसगढ़ शासन में उप सचिव पद के स्तर से कम का न हो	सदस्य
5.	निदेशक, राष्ट्रीय होटल प्रबंध एवं केटरिंग तकनालॉजी परिषद अथवा उनके द्वारा नामांकित व्यक्ति	सदस्य
6.	बोर्ड ऑफ गवर्नर्स में होटल उद्योग के प्रतिनिधि	सदस्य
7.	सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, पर्यटन विभाग द्वारा नामित आरक्षित श्रेणी का एक अधिकारी जो छत्तीसगढ़ शासन में उप सचिव पद से कम का न हो	सदस्य
8.	प्राचार्य, इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, केटरिंग टेक्नालॉजी एण्ड एप्लाईड न्यूट्रीशन, रायपुर	सदस्य सचिव

(ग) समूह 'ग' और समूह 'घ' के (गैर शैक्षणिक) पदों के लिए कर्मचारी चयन समिति निम्नानुसार होगी :–

स.क्रं.	पद का नाम/सदस्यों का विवरण	समिति में पदनाम
(1)	(2)	(3)
1.	प्राचार्य, इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, केटरिंग टेक्नालॉजी एण्ड एप्लाईड न्यूट्रीशन, रायपुर	अध्यक्ष
2.	निदेशक, राष्ट्रीय होटल प्रबंध एवं केटरिंग तकनालॉजी परिषद अथवा उनके द्वारा नामांकित व्यक्ति	सदस्य
3.	प्रबंध संचालक, छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड द्वारा नामित एक अधिकारी	सदस्य
4.	अध्यक्ष, बोर्ड ऑफ गवर्नर्स द्वारा नामित आरक्षित वर्ग का एक अधिकारी	सदस्य
5.	अधीक्षक, इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, अधीक्षक की अनुपस्थिति में अध्यक्ष द्वारा नामित व्याख्याता	सदस्य सचिव

6.2 (अ) समूह 'क' एवं समूह 'ख' के पदों के लिए विभागीय पदोन्नति समिति निम्नानुसार होगी :–

स.क्रं.	पद का नाम/सदस्यों का विवरण	समिति में पदनाम
(1)	(2)	(3)
1.	प्रबंध संचालक, छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड	अध्यक्ष
2.	निदेशक, राष्ट्रीय होटल प्रबंध एवं केटरिंग तकनालॉजी परिषद अथवा उनके द्वारा नामांकित व्यक्ति	सदस्य
3.	अध्यक्ष, बोर्ड ऑफ गवर्नर्स द्वारा नामित आरक्षित वर्ग का एक अधिकारी	सदस्य
4.	प्राचार्य, इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, केटरिंग टेक्नालॉजी एण्ड एप्लाईड न्यूट्रीशन, रायपुर	सदस्य सचिव

(ब) समूह 'ग' एवं समूह 'घ' के पदोन्नति के लिए विभागीय पदोन्नति समिति निम्नानुसार होगी :–

स.क्रं.	पद का नाम/सदस्यों का विवरण	समिति में पदनाम
(1)	(2)	(3)
1.	प्राचार्य, इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, केटरिंग टेक्नालॉजी एण्ड एप्लाईड न्यूट्रीशन, रायपुर	अध्यक्ष
1.	प्रबंध संचालक, छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड का प्रतिनिधि	सदस्य
3.	अध्यक्ष, बोर्ड ऑफ गर्वनर्स द्वारा नामित आरक्षित वर्ग का एक अधिकारी	सदस्य
4.	अधीक्षक, इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, अधीक्षक की अनुपस्थिति में अध्यक्ष द्वारा नामित व्याख्याता	सदस्य सचिव

6.3 चयन/पदोन्नति समिति का अध्यक्ष समिति की सहायता हेतु एक/दो विषय विशेषज्ञों का सहयोजन कर सकता है।

6.4 चयन/पदोन्नति समिति की सिफारिशें नियुक्ति प्राधिकारी को अनुमोदन हेतु प्रस्तुत की जाएंगी और यह सामान्यतः एक वर्ष के लिए मान्य होगी।

6.5 यदि चयन/पदोन्नति समिति के किसी सदस्य का कोई रिश्तेदार पद के लिए अभ्यर्थी है तब ऐसा सदस्य चयन प्रक्रिया में स्पष्ट पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखने के लिए चयन/पदोन्नति समिति से नाम वापिस ले लेगा। अध्यक्ष द्वारा नाम वापस लेने की स्थिति में समिति के वरिष्ठतम सदस्य, समिति के अध्यक्ष होंगे।

6.6 समिति के न्यूनतम 2/3 सदस्यों की उपस्थिति से कोरम की पूर्ति होग, तथापि अध्यक्ष की उपस्थिति अनिवार्य होगी।

7. विशेष प्रतिनिधित्व :

पदों की विभिन्न श्रेणियों में रिक्तियां अनूसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, भूतपूर्व सैनिक या व्यक्ति की किसी अन्य श्रेणियों के प्रतिनिधित्व ऐसे आरक्षणों की शर्त पर किया जाएगा जो कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा समय–समय पर निर्दिष्ट किया जाता है ।

8. नियुक्ति हेतु पात्रता :

संस्थान में नियुक्ति हेतु आवेदक को :

(क) भारत का नागरिक होना चाहिए
या

(ख) वह व्यक्तियों की ऐसी श्रेणी से संबंधित होना चाहिए जो कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा इस संबंध में समय–समय पर अधिसूचित किया गया हो।

9. शारीरिक फिटनेस :

संस्थान में नियुक्ति के लिए चयनित उम्मीदवार को नियुक्ति से पहले जिला मेडिकल बोर्ड, रायपुर अथवा उम्मीदवार के गृह जिला के जिला मेडिकल बोर्ड का फिटनेस प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अपेक्षित होगा। इस शर्त में ऐसे मामलों में छूट दी जा सकती है जहां व्यक्ति पहले से ही केन्द्र सरकार/राज्य शासन/सार्वजनिक उपक्रमों एवं विश्वविद्यालय में कार्यरत है, जो कि पहले से ही ऐसी चिकित्सा परीक्षा दे चुका है और जो उचित माध्यम द्वारा सीधी भर्ती प्रकिया पर किसी भी पद के लिए आवेदन कर सकता है या बाह्य सेवा की शर्त पर प्रतिनियुक्ति के आधार पर चयन प्राप्त कर सकता है।

10. चरित्र एवं पूर्ववृत्त का सत्यापन

नियुक्ति प्राधिकरण स्वयं को संतुष्ट करेगा कि संस्थान में पहली नियुक्ति के लिए चुने गए उम्मीदवारों के चरित्र और पूर्ववृत्त ऐसे है जैसे कि उन्हें नियुक्ति के लिए अनुपयुक्त प्रस्तुत नही करता। नियुक्ति के लिए मानदंड, प्रक्रिया और योग्यता राज्य शासन के तहत् पदों/सेवाओं की नियुक्ति के लिए लागू होगी।

11. विवाह के संबंध में प्रतिबंध

राज्य शासन के कर्मचारियों के लिए विवाह पर प्रतिबंध के संबंध में छत्तीसगढ़ शासन के आचरण नियम के प्रावधान कर्मचारियों पर लागू होगा । इस नियम के तहत निर्धारित प्रक्रियाओं और निर्णयों का पालन किया जाएगा । नियमानुसार नव–नियुक्त व्यक्तियों से घोषणा प्राप्त की जाएगी ।

12. नियुक्ति के लिए सामान्य शर्तें :

12.1 वेतनमान, न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, अधिकतम आयु सीमा आदि । पद से जुड़ी नियमों का **अनुसूची–एक** के अनुसार एवं समय–समय पर संशोधित किया जावेगा ।

12.2 परिवीक्षा की अवधि :

i) सीधी भर्ती के लिए

सीधी भर्ती के लिए 02 वर्ष

ii) पदोन्नति हेतु :

उच्च पदों पर पदोन्नति के लिए 01 वर्ष

नियुक्ति प्राधिकारी अधिकतम 01 वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षा अवधि का विस्तार कर सकता है । किसी भी मामले में विस्तारित परिवीक्षा अवधि मूल परिवीक्षाधीन अवधि के दोगुने से अधिक नही होगी । किसी भी समय या परिवीक्षाधीन अवधि के अंत में, किसी नव–नियुक्त व्यक्ति के मामले में कर्मचारी की सेवाओं को समाप्त किया जा सकता है या कर्मचारी को बिना किसी सूचना के और बिना कोई कारण बताए पदोन्नति से पहले ग्रहण किए गए पद पर प्रत्यावर्तित किया जा सकता है ।

सीधी भर्ती को शासित करने वाले सामान्य सिद्धांत

13. सीधी भर्ती :

13.1 संस्था द्वारा समूह 'क' के पदों और व्याख्याता/रीडर या सहायक व्याख्याता के पदों की रिक्तियां को प्रमुख राष्ट्रीय और राज्य स्तर के समाचार पत्रों, रोजगार समाचारों में प्रकाशित किया जायेगा और प्रासंगिक वेब पोर्टल में अपलोड किया जायेगा। जबकि समूह 'ख' एवं 'ग' के अन्य पदों और समूह 'घ' के पदों की रिक्तियों को अनुसूची में पद हेतु यथा निर्धारित योग्यता, आयु, अनुभव आदि संबंधी पूर्ण ब्यौरा प्रदान करते हुए राज्य स्तर के प्रमुख समाचार पत्रों, रोजगार समाचारों में प्रकाशित किया जायेगा और संस्था द्वारा वेब पोर्टल में अपलोड किया जाएगा ।

13.2 सेवानिवृत्ति के कारण रिक्त होने वाले पद को भरने की कार्यवाही ऐसा होने से न्यूनतम छह महीने पहले शुरू की जाएगी । इस बीच की अवधि में त्यागपत्र/पदच्युति/अक्षमता/मृत्यु के कारण हुई अन्य रिक्तियों के साथ इसे जोड़ा जा सकता है।

13.3 किसी पद पर सीधी भर्ती के लिए उम्मीदवार को अनुसूची–तीन में निर्धारित योग्यता, अनुभव, आयु आदि को पूरा करना होगा । पद हेतु यथा निर्धारित अनिवार्य योग्यता और अनुभव में छूट किसी भी परिस्थिति में स्वीकार्य नहीं होगी । आयु सीमा निर्धारित करने के लिए निर्णायक तारीख विज्ञापन जारी किये जाने के कैलेण्डर वर्ष की एक जनवरी होगी ।

13.4 यदि रिक्त पद अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/दिव्यांग उम्मीदवार के लिए आरक्षित है, तो मान्यता प्राप्त अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/दिव्यांग के संगठनों आदि को रिक्तियों के बारे में सूचित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाने चाहिए ।'

13.5 राज्य शासन द्वारा समय–समय पर यथा अधिसूचित अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/दिव्यांग के आवेदकों और उसी प्रकार के अन्य श्रेणियों हेतु उचित छूट उपलब्ध होगी।

13.6 एक विभागीय आवेदक भी सीधी भर्ती के पद के लिए आवेदन करने के लिए पात्र होगा, यदि वह अपेक्षित योग्यता आदि रखता है, सिवाय उन मामलों में जहां उच्चतम आयु सीमा में 5 वर्ष तक की छूट दी जा सकती है ।

विभागीय आवेदक : वह होगा जो संस्थान का नियमित कर्मचारी है :

13.7 आवेदन प्राप्त होने पर, पात्र उम्मीदवारों की सूची निम्नानुसार स्क्रीनिंग समिति द्वारा तैयार की जाएगी :

13.7.1 प्राचार्य पद के लिए स्क्रीनिंग समिति :

स.क्र.	पदनाम/सदस्यों का विवरण	समिति में पदनाम
(1)	(2)	(3)
1.	प्रबंधक संचालक, छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड	अध्यक्ष
2.	निदेशक, राष्ट्रीय होटल प्रबंध एवं केटरिंग तकनालॉजी परिषद, नोएडा, उत्तरप्रदेश अथवा निदेशक द्वारा नामित व्यक्ति	सदस्य
3.	बोर्ड ऑफ गवर्नर्स में होटल उद्योग के प्रतिनिधि अथवा बोर्ड ऑफ गवर्नर्स में नामित केटरिंग एक्सपर्ट	सदस्य
4.	अध्यक्ष, बोर्ड ऑफ गवर्नर्स द्वारा नामित	सदस्य सचिव

13.7.2 प्राचार्य पद को छोडकर सभी पद के लिए स्क्रीनिंग कमेटी :

स.क्र.	पदनाम/सदस्यों का विवरण	समिति में पदनाम
1.	प्राचार्य, इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, केटरिंग टेक्नालॉजी एण्ड एप्लाईड न्यूट्रीशन, रायपुर प्राचार्य के अनुपस्थिति में महाप्रबंधक, छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड, रायपुर	अध्यक्ष
2.	अध्यक्ष, बोर्ड ऑफ गवर्नर्स द्वारा नामित	सदस्य
3.	अधीक्षक, इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट; अधीक्षक की अनुपस्थिति में अध्यक्ष द्वारा नामित व्याख्याता	सदस्य सचिव

चयन के लिए सूचीबद्ध किये गये उम्मीदवारों को निर्धारित परीक्षा (परीक्षाओं) और/अथवा साक्षात्कार में उपस्थित होना होगा । एक पद के लिए औसतन तीन उम्मीदवारों का चयन और

उनको योग्यता क्रम में सूची में रखा जा सकता है, यदि प्रथम उम्मीदवार पदग्रहण करने के निर्धारित समय में पद ग्रहण नहीं करता है तो नियुक्ति का प्रस्ताव दूसरे उम्मीदवार को दिया जाएगा और यदि दूसरा उम्मीदवार भी पदग्रहण नहीं करता है तो नियुक्ति का प्रस्ताव तीसरे उम्मीदवार को दिया जाएगा। चयनित उम्मीदवारों की सूची एक वर्ष के लिए वैध होगी तथापि चयन समिति को इस संबंध में विवेकाधिकार होगा।

13.8 व्याख्याता एवं सहायक व्याख्याता के पदों के लिए साक्षात्कार हेतु चयनित एवं आमंत्रित आरक्षित श्रेणियों वाले उम्मीदवारों को सबसे छोटे रेल मार्ग से तृतीय वातानूकूलित श्रेणी रेल किराया या समतुल्य से आने–जाने की यात्रा (यात्राओं) हेतु यात्रा भत्ता टिकट प्रस्तुत करने पर दिया जावेगा ।

13.9 संस्थान में किसी भी पद पर नियुक्ति के लिए 18 वर्ष से कम आयु के उम्मीदवारों पर विचार नही किया जावेगा ।

13.10 सीधी भर्ती हेतु प्रत्येक पद के लिए इन भर्ती नियमों यथा निर्धारित अनुभव की अवधि को उससे अगले नीचे के पद में अनुभव के तौर पर माना जाएगा ।

पदोन्नति को शासित करने वाले सामान्य सिद्धांत

14. पदोन्नति :

14.1 किसी कर्मचारी को तब तक उच्च पद पर पदोन्नति के लिए योग्य नही माना जाएगा जब तक वह अनुसूची में संबंधित पद के लिए विनिर्दिष्ट पदोन्नति नियमों के लिए निर्धारित अपेक्षाओं को पूरा नहीं करता है ।

14.2 पदोन्नति के उद्देश्य से, जैसा कि अनुसूची में दिया गया है पद या तो चयन पद अथवा गैर–चयन पद होगा ।

14.3 **चयन पद** – चयन पदों पर पदोन्नति योग्यता के आधार पर दी जायेगी। जिसमें वरिष्ठता पर समुचित ध्यान दिया जावेगा। उपयुक्त विभागीय पदोन्नति समिति वार्षिक प्रदर्शन मूल्यांकन प्रतिवेदन (एपीएआर)/वार्षिक गोपनीय प्रतिवेदनों के आधार पर पदोन्नति के लिए पात्र कर्मचारियों की योग्यता और उपयुक्तता का आंकलन करेगी और क्रम की सिफारिश करेगी जिसमें उनको पदोन्नत किया जा सकता है। विभागीय पदोन्नति समिति को उनके समक्ष प्रस्तुत पिछले वार्षिक प्रदर्शन मूल्यांकन प्रतिवेदन/वार्षिक गोपनीय प्रतिवेदनों का मूल्यांकन करने का विवेकाधिकार होगा ।

14.4 **गैर–चयन पद** – गैर–चयन पदों पर पदोन्नति वरिष्ठता के आधार पर होगी जोकि उपरोक्त यथा संदर्भित उपयुक्त विभागीय पदोन्नति समिति द्वारा अयोग्य आवेदकों को अस्वीकार करने की शर्त पर की जाएगी जिसे वार्षिक गोपनीय प्रतिवेदन सहित सेवा रिकार्ड से सुनिश्चित किया जाएगा ।

प्रतिनियुक्ति को शासित करने वाले सामान्य सिद्धांत

15. प्रतिनियुक्ति के लिये वही नियम लागू होंगे जो छत्तीसगढ़ शासन के लिये लागू होंगे।

16. संदेह दूर करना : जहां इन नियमों में से किसी प्रावधान की व्याख्या या इन नियमों के लिए प्रदान न किए गए मामलों के संबंध में संदेह उत्पन्न होता है, तो बोर्ड ऑफ गर्वनर्स की सिफारिश के बाद मामले को राज्य सरकार को भेजा जाएगा ।

17. राष्ट्रीय होटल प्रबंधन एवं केटरिंग तकनालॉजी, परिषद द्वारा शैक्षणिक पदो के भर्ती एवं पदोन्नति नियम में समय–समय पर किए जाने वाले संशोधन/परिवर्तन, होटल प्रबंध संस्थान, रायपुर में लागू किए जावेंगे ।

18. निरसन–

इन नियमों के तत्स्थानी वे समस्त नियम या कार्यकारी अनुदेश, जो इन नियमों के प्रारंभ होने के ठीक पूर्व प्रवृत्त हो, एतदद्वारा, निरसित किये जाते है :

परन्तु इस प्रकार निरसित नियमों या अनुदेशों के अधीन की गई कोई भी बात या की गई कार्रवाई जहां तक कि वे इन नियमों के उपबन्धों से असंगत न हो, इन नियमों के तत्स्थानी उपबंधों के अधीन की गई या की गई कार्रवाई समझी जायेगी।

इंस्टीट्यूट में कार्यरत अधिकारी/कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति के संबंध में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा समय–समय पर जारी नियम लागू होंगे।

इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, केटरिंग टेक्नोलॉजी एण्ड एप्लाईड, न्यूट्रीशन, रायपुर छत्तीसगढ़ के भर्ती एवं पदोन्नति नियम 2020 में जिन नियमों का उल्लेख नहीं है, उनके संबंध में छत्तीसगढ़ शासन के नियम लागू होंगे।

किसी भी विवाद की स्थिति में संचालक मण्डल का निर्णय सर्वोपरि एवं यथावत लागू/मान्य किया जावेगा।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
अन्बलगन पी., सचिव.

————00————

अनुसूची – एक

स.क्रं.	पद	स्वीकृत पद	पे बैंड का नाम	पे बैंड (रू. में)	ग्रेड पे (रू. में)
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1	प्राचार्य	01	04	37400-67000	8700
2	विभागाध्यक्ष	01	03	15600-39100	6600
3	व्याख्याता/रीडर	02	02	9300- 34800	4400
4	सहायक व्याख्याता	04	02	9300- 34800	4200
5	अधीक्षक	01	02	9300- 34800	4300
6	स्टेनोग्राफर	01	01	5200- 20200	2800
7	सहायक ग्रंथपाल	02	01	5200- 20200	2800
8	लेखापाल	01	01	5200- 20200	2400
9	सहायक ग्रेड–3/कम्प्यूटर ऑपरेटर	03	01	5200- 20200	1900
10	लैब अटेडेंट (01 पद बाह्य स्रोत से)	05	01	5200- 20200	1900
11	वाहन चालक	01	01	5200- 20200	1900
12	सफाई कर्मी	01	1 S	4750- 7440	1300
13	भृत्य (01 पद बाह्य स्रोत से)	02	1 S	4750- 7440	1300
14	सुरक्षा गार्ड (02 पद बाह्य स्रोत से)	03	1 S	4750- 7440	1300
15	माली	02	बाह्य स्रोत से		
16	केयर टेकर	01	बाह्य स्रोत से		

अनुसूची – दो

स.क्रं.	पदनाम	स्वीकृत पद	पे बैंड (रू. में)	ग्रेड पे (रू. में)	प्रतिशत		नियुक्ति प्राधिकारी
					सीधी भर्ती	पदोन्नति	
(1)	(2)	(3)	(5)	(6)	(7)	(8)	(9)
1	प्राचार्य	01	37400-67000	8700	100%	----	बोर्ड ऑफ गवर्नर्स
2	विभागाध्यक्ष	01	15600-39100	6600	100%	----	बोर्ड ऑफ गवर्नर्स
3	व्याख्याता/रीडर	02	9300-34800	4400	100%	----	बोर्ड ऑफ गवर्नर्स
4	सहायक व्याख्याता	04	9300-34800	4200	100%	----	बोर्ड ऑफ गवर्नर्स
5	अधीक्षक	01	9300-34800	4300	-----	100%	प्राचार्य
6	स्टेनोग्राफर	01	5200-20200	2800	100%	----	प्राचार्य
7	सहायक ग्रंथपाल	02	5200-20200	2800	100%	----	प्राचार्य
8	लेखापाल	01	5200-20200	2400	100%	----	प्राचार्य
9	सहायक ग्रेड–3/कम्प्यूटर ऑपरेटर	03	5200-20200	1900	100%	----	प्राचार्य
10	लैब अटेडेंट (01 पद बाह्य स्रोत के माध्यम से)	05	5200-20200	1900	100%	----	प्राचार्य
11	वाहन चालक	01	5200-20200	1900	100%	----	प्राचार्य
12	सफाई कर्मी	01	4750- 7440	1300	100%	----	प्राचार्य
13	भृत्य (01 पद बाह्य स्रोत के माध्यम से)	02	4750- 7440	1300	100%	----	प्राचार्य
14	सुरक्षा गार्ड (02 पद बाह्य स्रोत के माध्यम से)	03	4750- 7440	1300	100%	----	प्राचार्य
15	माली	02	बाह्य स्रोत से		100%	----	प्राचार्य
16	केयर टेकर	01	बाह्य स्रोत से		100%	----	प्राचार्य

अनुसूची – तीन

स. क्र.	पदनाम एवं वेतनमान	स्वीकृत पद	आयु सीमा	शैक्षणिक योग्यता	नियुक्ति समिति
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1	**प्राचार्य** **रू. 37400–67000–** **(पे बैंड 4)+ग्रेड पे रूपये 8700**	01	1. 52 वर्ष से अधिक न हो । 2. सीधी भर्ती हेतु छत्तीसगढ के निवासी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछडा वर्ग और विभागीय उम्मीद्वारों तथा समय–समय पर छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा अन्य निर्दिष्ट श्रेणियों के के लिए, ऊपरी आयु सीमा में छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशो के अनुरूप आयु सीमा में छूट ।	**1. भर्ती का तरीका – सीधी भर्ती** **2. शैक्षणिक योग्यता –** भर्ती नियम में पात्रता की तीन श्रेणियां है और उम्मीद्वारों को निम्नलिखित में से किसी एक श्रेणी की पात्रता को पूरा करना होगा : – **श्रेणी – क** किसी भी विषय में स्नातकोत्तर या समकक्ष (एसोशिएशन ऑफ इंडियन यूनिर्वसिटी द्वारा) विदेशी स्नातकोत्तर उपाधि (पूर्णकालिक आवश्यक नहीं) तथा एनसीएचएमसीटी / एआईसीटीई / स्टेट बोर्ड ऑफ टेक्नीकल एजुकेशन / यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी / यूजीसी से मान्यता प्राप्त डीम्ड यूनिवर्सिटी से हॉस्पिटेलिटी या पाकशास्त्र में 55 प्रतिशत अंकों सहित पूर्णकालिक स्नातक उपाधि (दूरस्थ शिक्षा पात्र नहीं) अथवा 3 वर्ष का डिप्लोमा / एसोशियेसन ऑफ इंडियन यूनिर्वसिटी द्वारा समकक्ष उपाधि तथा (क) कुल 20 वर्ष का अध्यापन अनुभव जिसमें न्यूनतम 3 वर्ष विभागाध्यक्ष के रूप में या	नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी– बोर्ड ऑफ गवर्नर्स 1. अध्यक्ष, बोर्ड ऑफ गवर्नर्स अथवा उनके द्वारा नामांकित व्यक्ति – अध्यक्ष 2. सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, वित्त विभाग अथवा उनके द्वारा नामांकित व्यक्ति जो छत्तीसगढ़ शासन में उप सचिव पद के स्तर से कम का न हो – सदस्य 3. अपर महानिदेशक (पर्यटन), भारत सरकार अथवा उनके द्वारा नामांकित व्यक्ति – सदस्य 4. निदेशक, राष्ट्रीय होटल प्रबंध एवं केटरिंग तकनालॉजी परिषद अथवा उनके द्वारा नामांकित व्यक्ति – सदस्य 5. अध्यक्ष, बोर्ड ऑफ गवर्नर्स द्वारा बोर्ड आफ गवर्नर्स में से होटल उद्योग के प्रतिनिधियों से नामित व्यक्ति – सदस्य

				समकक्ष एनसीएचएमसीटी/एआईसीटीई/स्टेट बोर्ड ऑफ टेक्नीकल एजुकेशन/यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी /यूजीसी से मान्यता प्राप्त डीम्ड यूनिवर्सिटी से और 03 वर्ष का प्रशासनिक अनुभव। या (ख) शिक्षण और उद्योग के साथ कुल 20 वर्ष का अनुभव जिसमें न्यूनतम 3 वर्ष का शिक्षण और 5 वर्ष का महाप्रबंधक के रूप में चार सितारा या उससे उच्च स्तर के होटल में कार्य का अनुभव। **श्रेणी – ख** (1) विश्वविद्यालय/एआईसीटीई/समकक्ष विदेशी उपाधि (एसोसियेशन ऑफ इंडियन यूनिर्वसिटी से) पूर्णकालिक स्नातकोत्तर उपाधि (दूरस्थ शिक्षा पात्र नहीं है)/पोस्ट ग्रेजुएशन डिग्री/पोस्ट ग्रेजुएशन डिप्लोमा (दो वर्ष) टूरिज्म या मैनेजमेंट में (केवल एमबीए अथवा आईआईएम पीजीडी) (2) स्नातकोत्तर उपाधि/डिप्लोमा में सकल 60 प्रतिशत अंक तथा **(क) निजी उम्मीद्वार** (i) प्रतिष्ठित संस्थान में कार्यपालिक पद पर 17 वर्ष का अनुभव (ii) और 3 वर्ष का शिक्षण/प्रशिक्षण का अनुभव (इन 20 वर्षो में से, विगत तीन वर्षो में 100	6. बोर्ड ऑफ गवर्नर्स में केटरिंग विशेषज्ञ – सदस्य 7. सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, पर्यटन विभाग द्वारा नामित आरक्षित श्रेणी का 01 अधिकारी जो छत्तीसगढ़ शासन में उप सचिव पद से कम का न हो – सदस्य 8. प्रबंध संचालक, छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड – सदस्य सचिव

				करोड़ के टर्न ओवर की कंपनी में महाप्रबंधक के रूप में पांच वर्ष का अनुभव) अथवा **(ख) शासकीय/सार्वजनिक उपकम क्षेत्र/स्वायत्त संस्था के उम्मीदवार** (i) प्रदर्शन क्षमता में 20 वर्ष का अनुभव के साथ 3 वर्ष का शिक्षण/प्रशिक्षण (ii) वेतन स्तर 13 अथवा समकक्ष पद पर कार्यरत अथवा वेतन स्तर 12 पर 05 वर्ष की सेवा **श्रेणी – ग** (1) विश्वविद्यालय/एआईसीटीई/समकक्ष विदेशी उपाधि (एसोसियेशन ऑफ इंडियन यूनिर्वसिटी से) पूर्णकालिक स्नातकोत्तर उपाधि (दूरस्थ शिक्षा पात्र नहीं है)/पोस्ट ग्रेजुएशन डिग्री/पोस्ट ग्रेजुएशन डिप्लोमा (दो वर्ष) टूरिज्म या मैनेजमेंट में (केवल एमबीए अथवा आईआईएम पीजीडी) **और** **(क) शासकीय/सार्वजनिक उपक्रम क्षेत्र/स्वायत्त संस्था में नेतृत्व की भूमिका में अधिकारी** **(i)** वेतन स्तर 13 या समकक्ष वेतनमान पर कार्यरत नियमित अधिकारी । या **(ii)** वेतन स्तर 12 में 05 वर्ष से कार्यरत और तीन वर्ष की प्रतिनियुक्ति के लिए अग्रेषित आवेदन ।	

2	**विभागाध्यक्ष** **रू. 15,600–39,100** **(पे बैड 3) + ग्रेड पे** **रू. 6,600**	**01**	1. 45 वर्ष से अधिक न हो । 2. सीधी भर्ती हेतु छत्तीसगढ के निवासी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछडा वर्ग और विभागीय उम्मीद्वारों तथा समय–समय पर छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा अन्य निर्दिष्ट श्रेणियों के के लिए, ऊपरी आयु सीमा में छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशो के अनुरूप आयु सीमा में छूट ।	**1. भर्ती का तरीका – सीधी भर्ती** **2. शैक्षणिक एवं अन्य योग्यताएं –** (i) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक (ii) नेशनल कांउसिल फॉर होटल मैनेजमेंट एण्ड कैटरिंग टेक्नालॉजी/स्टेट बोर्ड ऑफ टेक्निकल एजुकेशन/रिकॉग्नाइज्ड यूनिवर्सिटी से होटल मैनेमेंट में फुल टाइम डिग्री/3 साल का डिप्लोमा कम से कम 50 प्रतिशत अंकों सहित । होटल प्रबंधन में स्नातक के लिए, आइटम नंबर (i) की आवश्यक नहीं है । **3. अनुभव :–** कम से कम 15 साल का अध्यापन अनुभव और /या होटल उद्योग में । जिसमें नेशनल कांउसिल फॉर होटल मैनेजमेंट एण्ड केटरिंग टेक्नोलॉजी/स्टेट बोर्ड ऑफ टेक्निकल एजुकेशन/मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से संबद्ध संस्थान में न्यूनतम 5 वर्ष की सीनियर लेक्चरर–कम–सीनियर इंस्ट्रक्टर (ग्रेड पे 5400) के ग्रेड में नियुक्ति के बाद नियमित सेवा	1. अध्यक्ष, बोर्ड ऑफ गवर्नर्स अथवा उनके द्वारा नामांकित व्यक्ति – अध्यक्ष 2. अपर महानिदेशक (पर्यटन), भारत सरकार अथवा उनके द्वारा नामांकित व्यक्ति – सदस्य 3. प्रबंध संचालक, छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड, – सदस्य 4. सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, वित्त विभाग अथवा उनके द्वारा नामांकित व्यक्ति जो छत्तीसगढ़ शासन में उप सचिव पद के स्तर से कम का न हो – सदस्य 5. निदेशक, राष्ट्रीय होटल प्रबंध एवं केटरिंग तकनालॉजी परिषद अथवा उनके द्वारा नामांकित व्यक्ति – सदस्य 6. बोर्ड ऑफ गवर्नर्स में होटल उद्योग के प्रतिनिधि – सदस्य 7. सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, पर्यटन विभाग द्वारा नामित आरक्षित श्रेणी का एक अधिकारी जो छत्तीसगढ़ शासन में उप सचिव पद से कम का न हो – सदस्य 8. प्राचार्य, इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, केटरिंग टेक्नालॉजी एण्ड एप्लाईड न्यूट्रीशन, (रायपुर) सोसायटी– सदस्य सचिव

				अथवा कम से कम 15 साल का होटल उद्योग का अनुभव जिसमें प्रबंधकीय क्षमता में न्यूनतम 5 वर्ष 4 स्टार/हेरिटेज अथवा उपरोक्त से उच्च श्रेणी के होटल में कार्यानुभव	
3	**व्याख्याता/रीडर** **रू. 9,300–34,800** **(पे बैंड 2) + ग्रेड पे** **रू. 4,400/–**	02	1. 35 वर्ष से अधिक न हो । 2. सीधी भर्ती हेतु छत्तीसगढ के निवासी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछडा वर्ग और विभागीय उम्मीद्वारों तथा समय–समय पर छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा अन्य निर्दिष्ट श्रेणियों के के लिए, ऊपरी आयु सीमा में छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशो के अनुरूप आयु सीमा में छूट ।	**1. भर्ती का तरीका – सीधी भर्ती** **2. सीधी भर्ती के लिए शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव :** मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से 10+2 के बाद आतिथ्य एवं होटल प्रशासन/होटल प्रबंधन में फुल टाइम स्नातक उपाधि और आतिथ्य एवं होटल प्रशासन में होटल मैनेजमेंट में फुल टाईम मास्टर डिग्री न्यूनतम 60 प्रतिशत अंको के साथ नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर होटल मैनेजमेंट एण्ड केटरिंग टेक्नालॉजी/स्टेट बोर्ड ऑफ टेक्निल एजुकेशन/रिकॉग्नाईज्ड यूनिवर्सिटी से जुडे संस्थान में कम से कम 5 वर्षो का शिक्षण अनुभव ।	————————तदैव————————

				अथवा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से 10+2 के बाद आतिथ्य और होटल प्रशासन/होटल प्रबंधन में पूर्णकालिक स्नातक की डिग्री कुल मिलाकर 60 प्रतिशत से कम न हो एवं नेशनल काउंसिल फॉर होटल मैनेजमेंट एंड केटरिंग टेक्नोलॉजी/राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड/मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या होटल एवं खानपान उद्योग से संबंद्ध संस्थान में कम से कम 7 वर्षो के शिक्षण का अनुभव । (सीधी भर्ती के लिए, शिक्षण कौशल परीक्षा आयोजित की जानी चाहिए और यदि आवश्यक हो, तो रसोई कौशल परीक्षा संस्थान स्तर पर आयोजित की जानी चाहिए ।)	
4	**सहायक व्याख्याता रू. 9,300–34,800 (पे बैंड 2)+ ग्रेड पे रू. 4,200**	**04**	1. 30 वर्ष से अधिक न हो । 2. सीधी भर्ती हेतु छत्तीसगढ के निवासी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछडा वर्ग और विभागीय उम्मीद्वारों तथा समय–समय पर छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा	**1. भर्ती का तरीका – सीधी भर्ती** **2. आवश्यक शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव –** 10+2 के पश्चात मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से आतिथ्य एवं होटल प्रशासन/होटल प्रबंधन में पूर्णकालिक स्नातक डिग्री तथा आतिथ्य एवं होटल प्रशासन/होटल प्रबंधन में पूर्णकालिक स्नाकोत्तर उपाधि में कम से कम 60 प्रतिशत अंक प्राप्त हो	————तदैव————

			अन्य निर्दिष्ट श्रेणियों के के लिए, ऊपरी आयु सीमा में छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशो के अनुरूप आयु सीमा में छूट ।	**अथवा** 10+2 के पश्चात मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से आतिथ्य एवं होटल प्रशासन/होटल प्रबंधन में पूर्णकालिक स्नातक उपाधि न्यूनतम 60 प्रतिशत अंकों के साथ तथा होटल उद्योग में कम से कम 2 वर्षो का अनुभव **एवं** सहायक व्याख्याता–सह–सहायक प्रशिक्षक के गुणवत्ता के लिए राष्ट्रीय होटल प्रबंधन एवं खानपान प्रौद्योगिकी द्वारा आयोजित एन.एच.टी.ई.टी. निर्धारित प्रतिशत के साथ उत्तीर्ण, मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से आतिथ्य/होटल प्रबंधन विषय में पीएचडी किए उम्मीदवारों के लिए राष्ट्रीय आतिथ्य शिक्षक पात्रता परीक्षा (एनएचटीईटी) उत्तीर्ण करने की आवश्यकता नही है । (सीधी भर्ती के लिए, शिक्षण कौशल परीक्षा आयोजित की जानी चाहिए और यदि आवश्यक हो, तो रसोई कौशल परीक्षा संस्थान स्तर पर आयोजित की जानी चाहिए ।)	
5	**अधीक्षक** **रू. 9300–34800 (पे बैंड–2) + ग्रेड पे रू. 4300**	**01**	**निरंक**	**भर्ती का तरीका – पदोन्नति से** 5 वर्ष की आशुलिपिक (स्टेनोग्राफर) पद पर नियमित सेवा से पदोन्नति, पात्र उम्मीदवार न होने पर पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा	**पदोन्नति समिति** 1. प्रबंध संचालक, छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड – अध्यक्ष 2. निदेशक, राष्ट्रीय होटल प्रबंध एवं केटरिंग तकनालॉजी परिषद अथवा उनके

				स्थापित किसी होटल प्रबंध संस्थान के अंतर्गत सदृश्य पद धारण किए हुए पात्र कर्मचारी की प्रतिनियुक्ति पर स्थानांतरण द्वारा अथवा/छत्तीसगढ़ शासन के विभागों से प्रतिनियुक्ति के माध्यम से	द्वारा नामांकित व्यक्ति – सदस्य 3. अध्यक्ष, बोर्ड ऑफ गवर्नर्स द्वारा नामित आरक्षित वर्ग का एक अधिकारी – सदस्य 4. प्राचार्य, इंस्टीट्यट ऑफ होटल मैनेजमेंट केटरिंग टेक्नालॉजी एण्ड एप्लाईड न्यूट्रीशन, रायपुर – सदस्य सचिव
6	**सहायक ग्रंथपाल, रू. 5200–20200 (पे बैंड–3)+ ग्रेड पे रू. 2800**	02	1. 35 वर्ष से अधिक न हो । 2. सीधी भर्ती हेतु छत्तीसगढ के निवासी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछडा वर्ग और विभागीय उम्मीद्वारों तथा समय–समय पर छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा अन्य निर्दिष्ट श्रेणियों के के लिए, ऊपरी आयु सीमा में छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशो के अनुरूप आयु सीमा में छूट	**1. भर्ती का तरीका– सीधी भर्ती** **2. सीधी भर्ती हेतु शैक्षणिक योग्यता–** किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से पुस्तकालय विज्ञान अथवा पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान में स्नातक उपाधि तथा किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कम्प्यूटर एप्लीकेशन में डिप्लोमा/डिग्री	1. प्राचार्य, इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, केटरिंग टेक्नालॉजी एण्ड एप्लाईड न्यूट्रीशन, (रायपुर) सोसायटी– अध्यक्ष 2. निदेशक, राष्ट्रीय होटल प्रबंध एवं केटरिंग तकनालॉजी परिषद अथवा उनके द्वारा नामांकित व्यक्ति – सदस्य 3. प्रबंध संचालक, छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड, द्वारा नामांकित एक अधिकारी – सदस्य 4 अध्यक्ष, बोर्ड ऑफ गवर्नर्स द्वारा नामित आरक्षित वर्ग का एक अधिकारी –सदस्य 5 अधीक्षक, इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, अधीक्षक की अनुपस्थिति में अध्यक्ष द्वारा नामित व्याख्याता – सदस्य सचिव

7	**स्टेनोग्राफर, रू. 5200–20200 (पे बैंड–3)+ ग्रेड पे रू. 2800**	01	1. 35 वर्ष से अधिक न हो । 2. सीधी भर्ती हेतु छत्तीसगढ के निवासी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछडा वर्ग और विभागीय उम्मीद्वारों तथा समय–समय पर छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा अन्य निर्दिष्ट श्रेणियों के के लिए, ऊपरी आयु सीमा में छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशो के अनुरूप आयु सीमा में छूट ।	**1. भर्ती का तरीका – सीधी भर्ती** **2. सीधी भर्ती हेतु शैक्षणिक योग्यता–** (1) मान्यता प्राप्त मण्डल से उच्चतर माध्यमिक परीक्षा प्रमाणपत्र या (10+2) उत्तीर्ण अथवा पुरानी हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय के स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण (2) मान्यता प्राप्त मंडल / संस्था / शीघ्रलेखन / मुद्रलेखन परीक्षा परिषद से :– अंग्रेजी शीघ्रलेखन परीक्षा उत्तीर्ण प्रमाण पत्र एवं शीघ्रलेखन की 100 शब्द प्रति मिनट की गति (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जायेगी) (3) मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एन्ट्री ऑपरेटर / प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा / प्रमाण पत्र तथा डाटा एन्ट्री की गति 10,000 की (Key) डिप्रेशन प्रतिघंटा (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जायेगी)	————तदैव————

8	**लेखापाल रू. 5200–20200 (पे बैंड–2)+ ग्रेड पे रू. 2400**	**01**	1. 35 वर्ष से अधिक न हो । 2. सीधी भर्ती हेतु छत्तीसगढ के निवासी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछडा वर्ग और विभागीय उम्मीद्वारों तथा समय–समय पर छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा अन्य निर्दिष्ट श्रेणियों के के लिए, ऊपरी आयु सीमा में छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशो के अनुरूप आयु सीमा में छूट ।	**1. भर्ती का तरीका – सीधी भर्ती** **2. सीधी भर्ती हेतु शैक्षणिक योग्यता : –** मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से वाणिज्य विषय में स्नातक पाठ्यक्रम की 50 प्रतिशत अंको के साथ परीक्षा उत्तीर्ण एवं मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एन्ट्री आपरेटर/प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा/प्रमाण पत्र	————तदैव————
9	**सहायक ग्रेड–3/कम्प्यूटर ऑपरेटर रू. 5200–20200 (पे बैंड–2)+ ग्रेड पे रू. 1900**	**03**	1. 35 वर्ष से अधिक न हो । 2. सीधी भर्ती हेतु छत्तीसगढ के निवासी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछडा वर्ग और विभागीय उम्मीद्वारों तथा समय–समय पर छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा अन्य निर्दिष्ट श्रेणियों के	**1. भर्ती का तरीका – सीधी भर्ती** **2. सीधी भर्ती हेतु शैक्षणिक योग्यता :–** (1) मान्यता प्राप्त शिक्षा मण्डल से उच्चतर माध्यमिक परीक्षा प्रमाणपत्र (10+2) उत्तीर्ण अथवा किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय के स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण	————तदैव————

			के लिए, ऊपरी आयु सीमा में छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशो के अनुरूप आयु सीमा में छूट ।	(2) किसी मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एन्ट्री ऑपरेटर/प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा/प्रमाण पत्र (3) कम्प्यूटर में हिन्दी टायपिंग का 5,000 की **(Key)** डिप्रेशन प्रतिघंटा की गति (गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जायेगी)	
10	**लैब अटैडेन्ट रू. 5200–20200 (पे बैंड–3)+ ग्रेड पे रू. 1900**	**05 (एक पद बाह्य स्त्रोत से)**	1. 35 वर्ष से अधिक न हो । 2. सीधी भर्ती हेतु छत्तीसगढ के निवासी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछडा वर्ग और विभागीय उम्मीद्वारों तथा समय–समय पर छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा अन्य निर्दिष्ट श्रेणियों के के लिए, ऊपरी आयु सीमा में छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशो के अनुरूप आयु सीमा में छूट ।	**1. भर्ती का तरीका – सीधी भर्ती** **2. सीधी भर्ती हेतु शैक्षणिक तथा अन्य योग्यता एवं अनुभव :–** मान्यता प्राप्त शिक्षा मण्डल से उच्चतर माध्यमिक परीक्षा प्रमाणपत्र (10+2) उत्तीर्ण एवं फूड एवं न्यूट्रीशन में सर्टिफिकेट या कुकरी मे सर्टिफिकेट या होटल मैनेजमेंट में डिप्लोमा ।	————तदैव————
11	**वाहन चालक रू. 5200–20200 (पे बैंड–1)+ ग्रेड पे रू. 1900**	**01**	1. 35 वर्ष से अधिक न हो । 2. सीधी भर्ती हेतु छत्तीसगढ के निवासी अनुसूचित जाति,	**1. भर्ती का तरीका – सीधी भर्ती** **2. सीधी भर्ती हेतु शैक्षणिक तथा अन्य योग्यता एवं अनुभव :–** (एक) किसी मान्यता प्राप्त शिक्षा मण्डल या स्कूल से 8वीं कक्षा उत्तीर्ण ।	————तदैव————

			अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछडा वर्ग और विभागीय उम्मीद्वारों तथा समय–समय पर छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा अन्य निर्दिष्ट श्रेणियों के के लिए, ऊपरी आयु सीमा में छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशो के अनुरूप आयु सीमा में छूट ।	(दो) हल्के मोटर वाहन/भारी मोटर वाहन के लिये वैद्य ड्राइविंग लाइसेंस और समान वाहनों के ड्राइविंग में न्यूनतम 3 वर्ष का अनुभव ।	
12	**भृत्य रू. 4400–7440 (पे बैंड–1 एस)+ ग्रेड पे रू. 1300**	**02 (एक पद बाह्य स्त्रोत से)**	1. 35 वर्ष से अधिक न हो । 2. सीधी भर्ती हेतु छत्तीसगढ कें निवासी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछडा वर्ग और विभागीय उम्मीद्वारों तथा समय–समय पर छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा अन्य निर्दिष्ट श्रेणियों के के लिए, ऊपरी आयु सीमा में छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशो के अनुरूप आयु सीमा में छूट ।	**1. भर्ती का तरीका – सीधी भर्ती** **2. सीधी भर्ती हेतु शैक्षणिक तथा अन्य योग्यता एवं अनुभव :–** किसी मान्यता प्राप्त शिक्षा मण्डल या स्कूल से 8वीं कक्षा उत्तीर्ण ।	————तदैव————

13	**सुरक्षाकर्मी रू. 4400–7440 (पे बैंड–1 एस)+ ग्रेड पे रू. 1300**	**03 (दो पद बाह्य स्त्रोत से)**	1. 35 वर्ष से अधिक न हो । 2. सीधी भर्ती हेतु छत्तीसगढ के निवासी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछडा वर्ग और विभागीय उम्मीद्वारों तथा समय–समय पर छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा अन्य निर्दिष्ट श्रेणियों के के लिए, ऊपरी आयु सीमा में छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशो के अनुरूप आयु सीमा में छूट ।	**1. भर्ती का तरीका – सीधी भर्ती** **2. सीधी भर्ती हेतु शैक्षणिक योग्यता :–** किसी मान्यता प्राप्त शिक्षा मण्डल या स्कूल से 8वीं कक्षा उत्तीर्ण ।	————तदैव————
14	**सफाईकर्मी रू. 4400–7440 (पे बैंड–1 एस)+ ग्रेड पे रू. 1300**	**01**	1. 35 वर्ष से अधिक न हो । 2. सीधी भर्ती हेतु छत्तीसगढ के निवासी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछडा वर्ग और विभागीय उम्मीद्वारों तथा समय–समय पर छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा अन्य निर्दिष्ट श्रेणियों के के लिए, ऊपरी आयु सीमा में छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशो के अनुरूप आयु सीमा में छूट ।	**1. भर्ती का तरीका – सीधी भर्ती** **2. सीधी भर्ती हेतु शैक्षणिक योग्यता :–** किसी मान्यता प्राप्त शिक्षा मण्डल या स्कूल से 8वीं कक्षा उत्तीर्ण ।	————तदैव————

INSTITUTE OF HOTEL MANAGEMENT CATERING TECHNOLOGY & APPLIED NUTRITION RAIPUR, CHHATTISGARH

Atal Nagar, the 2nd June 2020

RECRUITMENT AND PROMOTION RULES 2020

No. F 1-31/2016/33/पर्य..— In exercise of the overall powers vested in it under Memorandum of Association and Rules & Regulation, the Board of Governors of the Institute of Hotel Management, Catering Technology & Applied Nutrition (Raipur) Society hereby makes the following Rules in respect of various appointments in service of the Institute :-

1. SHORT TITLE AND COMMENCEMENT:

1.1 These Rules shall be called that Institute of Hotel Management, Catering Technology & Applied Nutrition (Raipur) Society Rules, 2020.

1.2 These Rules shall come into force with effect from the date of Gazette Notification.

2. INTERPRETATION:

In these Rules the various terms and expressions shall have the same meaning as assigned to them in the Memorandum of Association, Rules and Regulation and Byelaws of the institute and other Rules applicable to employees of the Institute from time to time.

3. APPLICABILITY:

These Rules shall apply for recruitments and promotions to all whole time regular employees and to all persons appointed or promoted to any post in the Institute.

4. CLASSIFICATION OF POSTS:

S. No.	Description of posts	Classification of Posts
1	**Posts carrying the following Grade Pay:-** Grade Pay Rs. 8700 in the scale of Rs. 37400-67000 in Pay Band-4 and Grade Pay Rs. 7600, Rs. 6600 and Rs. 5400 in the scale of pay of Rs. 15600-39100 in Pay Band-3.	**Group "A"**
2	**Post carrying the following Grade pay:-** Rs. 4800, Rs. 4600, 4400 and Rs. 4200 in the scale of pay of Rs. 9300-34800 in Pay Band 2.	**Group "B"**
3	**Post carrying the following Grade pay:-** Rs. 2800, Rs. 2400, Rs. 2000, Rs. 1900 and Rs. 1800 in the scale of pay of Rs. 5200-20200 in Pay Band 1.	**Group "C"**
4	**Post carrying the following Grade Pay:-** Rs. 1300, Rs. 1400, Rs. 1600, and Rs. 1650 in the scale of pay of Rs. 4440-7440 in 1 S Scale.	**Group "D"**

Note: 'Pay' shall have the same meaning as defined in the Fundamental Rules applicable to Government Servants of Chhattisgarh State.

(b) For Group "A" Except post of Principal, and Group "B" :

S.No.	Name of the post/Details of Member	Designation in the Committee
(1)	(2)	(3)
i	Chairman Board of Governors or his/her nominee	Chairman
ii	Additional Director General (Tourism) Govt. of India or his/her nominee	Member
